आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.01.2021

एमसीएफ में "साइक्लोथोन रन" प्रतियोगिता का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दिनांक 03.01.2021 को "साइक्लोथोन रन" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमसीएफ महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया इस अवसर पर एमसीएफ महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव साथ रही।

"साइक्लोथोन रन" प्रतियोगिता में एमसीएफ के लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को विभिन्न वर्गों में बॉटा गया था जिसमें बालक एवं बालिका के दो ग्रुप 06 से 10 आयुवर्ग एवं 11 से 14 आयुवर्ग के बच्चे शामिल थे तथा महिलाओं के दो ग्रुप बनाये गये जिसमें 14 से 20 आयुवर्ग एवं 20 से ऊपर आयुवर्ग की महिलायें शामिल थी। पुरूष वर्ग का एक ग्रुप बनाया गया जिसमे 14 से ऊपर आयुवर्ग के पुरूषों को शामिल किया गया था।

सभी ग्रुपों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव एवं एमसीएफ महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर एमसीएफ के पीसीएमएम एवं खेल–कूद संघ के प्रेसिडेंट श्री पी. एन. पाण्डेय, सचिव श्री एस. के कटियार, मुख्य विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अनिल श्रीवास्तव 3/01/2021

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
कृते **मुख्य जन–संपर्क अधिकारी**